# संदेश

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ। यह दिवस महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस भी है, जो समस्त देश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इस अवसर पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ।

शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता भी। अपने विवेक, अनुभव और मूल्यों से वे पीढ़ी दर पीढ़ी विद्यार्थियों में विचारों का पोषण करते हैं और उनमें उत्कृष्टता और नवाचार का भाव उत्पन्न करते हैं। भारत एक विकसित देश के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, ज्ञानशील और दक्ष नागरिक बनाने में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों को सशक्त बनाने और शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आइए, हम सब मिलकर ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाएं जहां शिक्षकों का सम्मान हो और छात्रों में रचनात्मकता, करुणा और नवाचार का संचार हो।

मैं, पुन: सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ देती हूँ। मैं कामना करती हूं कि हमारे शिक्षक ऐसे प्रबुद्ध विद्यार्थी तैयार करने में सफल हों जो भारत को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएँ।

********